>

Title: Need to punish people involved in corruption in Commonwealth Games.

श्री बदरुद्दीन अजमल : आप एसोसिएट कर दें, लेकिन एक-दो लफ़्ज़ तो बोलने दें। सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मेरी एक तो आप सबसे यही गुजारिश है कि हाउस में कम से कम इस किस्म के इम्पोर्टेंट मैटर, जो पूरे हिन्दुस्तान के नुमाइन्दे लेकर आते हैं, उसके लिए कुछ न कुछ टाइम मिलना चाहिए, इसमें बड़ी कमी हो रही है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप देखते हैं कि मैंने किसी के टाइम में कटौती नहीं की।

श्री बदरुद्दीन अजमल : आज पहली मर्तबा मैं समझता हूं, मुझे मौका मिल रहा है। नम्बर दो-क्वश्चन आंसर के टाइम पर हाउस में जो हंगामा होता है, उसके लिए सारे साथियों से मेरी रिक्वैस्ट है कि कम से कम इस एक घंटे को माफ करें, उसके बाद चाहे जो करें। कम से कम पूरे हिन्दुस्तान के लोगों की जरूरत होती है, पता नहीं, लोग कैसी-कैसी डिमांड लेकर आते हैं, कैसे-कैसे क्वश्चंस होते हैं, लेकिन उसको ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : अजमल साहब, यह बात आप सुबह 11 बजे कहिएगा तो ज्यादा असर पड़ेगा।

श्री बदरुद्दीन अजमल : सुबह कहने का मौका ही तो नहीं मिलता। इतने दिनों से यही तो हो रहा है कि बैठे हुए हैं, लेकिन मौका नहीं मिलता।

मैं अपनी बात पर आ रहा हूं कि यह जो खेल का मसला है, हमारे हिन्दुस्तान में देखिये, इंसान की सेहत अगर तन्दरुस्त नहीं होगी, मुल्क का नौजवान अगर तन्दरुस्त नहीं होगा तो मुल्क कैसे आगे बढ़ेगा। कॉमनवैल्थ गेम एक बहुत बड़ी इम्पोर्टेंट चीज है, पूरे मूल्क को इसका इन्तजार था कि यह बहुत अच्छे तरीके से होंगे, कामयाब होंगे, हमारे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। वे बाहर से जाकर मैडल नहीं ला पाते हैं, यहां बड़े-बड़े मैडल लाएंगे तो पूरी दुनिया में हमारे मुल्क का नाम होगा, लेकिन अफसोस की बात है, अर्जेंट मैटर में मैंने इसे इसलिए दिया कि आज ही पेपर में पढ़ा कि सिर्फ दो महीने बाकी हैं और 36 डिपार्टमेंट्स में अभी तक कोई काम नहीं हुआ है, इसलिए ऐसा न हो कि खेल-खेल में, चूंकि यह खेल का मामला है, खेल-खेल में सारे हराम हलाल हो जायें। मैं आपकी तवज्जह चाहूंगा कि खेल-खेल में ये सारे हराम हलाल हो जायें, इसलिए इसके ऊपर मेरी दरख्वास्त है कि ध्यान दिया जाये। प्राइम मिनिस्टर साहब के खुद के अपने आफिस से, मैडम के यहां से बाकायदा निगरानी हो और जो लोग इस घपले में लिप्त पाये जायें, उनको माफ न किया जाये। पूरी दुनिया में इसकी बदनामी हो रही है। यह हमारे घर का गेम नहीं है, कॉमनवैल्थ गेम है। पूरी दुनिया में बदनामी हो रही है, ऐसा न हो कि किसी को छोड़ दिया जाये।

आखिर में, जो लोग घपलेबाजी कर रहे हैं, मैं उनसे कहना चाहूंगा कि देखो ए दीवानों, तुम ये काम न करो, खेल का नाम बदनाम न करो। अपने देश की इज्जत रखो, देश का ख्याल रखो। जय हिन्द, जय भारत।

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet again at 11 a.m. on Friday, 6th August, 2010.

19.06 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Friday, August 6, 2010/Sravana 14, 1932 (Saka).

---

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Speech was laid on the Table.

* English translation of the Speech laid on the Table originally in Bengali.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* English translation of the Speech originally delivered in Malayalam.